
## PART - I / भाग - I

## REASONING & NUMERIC ABILITY / तर्क एवं संख्यात्मक क्षमता

1. Study the given diagram carefully and answer the question. The number in different sections indicate the number of different types of extra-curricular activities taken by total 300 students of six sections of class IX of XYZ school.




What is the percentage of students who have opted for both dancing as well as singing lessons ?


(1) 8.78%

(2) 7%

(3) 7.66%

(4) 8.00%

1. दिए गए रेखाचित्र (डायग्राम) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। अलग-अलग खंडों में दी गई संख्या XYZ विद्यालय के कक्षा IX के छह सेक्शनों के कुल 300 विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार की पाठ्यक्रमेतर क्रियाओं में सहभागिता को दर्शाती है।




कितने प्रतिशत विद्यार्थियों ने नृत्य और गायन दोनों के पाठ (शिक्षण) का विकल्प चुना है?

(1) 8.78%

(2) 7%

(3) 7.66%

(4) 8.00%

2. A statement, showing relationships between different elements, is given followed by four conclusions I, II, III and IV. Assuming the statement to be true to decide which of the conclusions is/are definitely true.

**Statement :** $F \geq G < O \leq M = N \leq Q$

**Conclusions :**
I. $N < G$
II. $G < M$
III. $Q \leq M$
IV. $O > F$

(1) Only conclusions **II** and **IV** are true

(2) Only conclusion **I** is true

(3) Only conclusion **II** is true

(4) Only conclusions **I** and **III** are true

2. विभिन्न तत्वों (अवयवों) के मध्य संबंध दर्शानेवाला एक कथन दिया गया है और उसके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। यह मानकर कि दिया गया कथन सत्य है आप निर्णय कीजिए कि कौन सा/से निष्कर्ष निश्चित तौर पर सत्य है/हैं?

**कथन :** $F \geq G < O \leq M = N \leq Q$

**निष्कर्ष :**
I. $N < G$
II. $G < M$
III. $Q \leq M$
IV. $O > F$

(1) केवल निष्कर्ष **II** और **IV** सत्य हैं।

(2) केवल निष्कर्ष **I** सत्य है।

(3) केवल निष्कर्ष **II** सत्य है।

(4) केवल निष्कर्ष **I** और **III** सत्य हैं।

3. Select the option that will replace the question mark (?) in the following number series :

369, 585, 710, 774, 801, __(?)__

(1) 823

(2) 802

(3) 809

(4) 810

3. उस विकल्प का चयन कीजिए जो निम्नलिखित संख्या-शृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) का स्थान ले सके :

369, 585, 710, 774, 801, __(?)__

(1) 823

(2) 802

(3) 809

(4) 810

4. Raveena's house faces North. She leaves from the back gate of her house and walks 14 m. Then she turns left and walks 30 m. Then she turns left and walks 10 m. She then turns left and walks 36 m. How many meters away and in which direction is she from her home ?

(1) 20 meters South

(2) 68 meters South-East

(3) 30 meters West

(4) 20 meters East

4. रवीना का मकान उत्तराभिमुख है। वह अपने मकान के पिछले दरवाजे से बाहर निकलकर 14 मीटर चलती है। उसके बाद वह बांयें मुड़कर 30 मीटर चलती है। तत्पश्चात् वह बांयें मुड़कर 10 मीटर चलती है। फिर, वह बांयें मुड़कर 36 मीटर चलती है। वह अपने घर से कितनी दूरी पर और किस दिशा में है?

(1) 20 मीटर, दक्षिण

(2) 68 मीटर, दक्षिण-पूर्व दिशा में

(3) 30 मीटर, पश्चिम

(4) 20 मीटर, पूरब

5. Given below is a question followed by two statements numbered I and II, each containing some information. Decide which of the statement/s is/are sufficient to answer the question.

Shaurya got the final marks in five subjects P, Q, R, S and T (different marks in all the subjects). In which subject he secured the highest marks ?

**Statement I :** Shaurya secured more marks in subject 'R' than P, S and T but not more than 'Q'.

**Statement II :** Shaurya secured less marks in 'T' than P, Q and R but not less than 'S'.

(1) Both the statements I and II together are not sufficient to answer the question.

(2) The statement I alone is sufficient to answer the question while the statement II alone is not sufficient to answer the question.

(3) The statement II alone is sufficient to answer the question while the statement I alone is not sufficient to answer the question.

(4) Both the statements I and II together are necessary to answer the question.

6. Eight friends D, F, G, H, K, S, R and V are sitting around a circular table facing towards centre. 'K' is on the immediate right of 'H'. 'D' is immediate neighbour of 'K'. 'V' is on immediate right of 'D'. Only 'S' is between 'F' and 'R'. 'G' is not an immediate neighbour of 'V'. 'R' is immediate neighbour of 'G'.

Who is the only person sitting between 'K' and 'V' ?

(1) R

(2) H

(3) D

(4) F

5. नीचे एक प्रश्न दिया गया है, जिसके पश्चात् दो कथन I और II, प्रत्येक कुछ जानकारी सहित, दिए गए हैं। निर्णय कीजिए कि कौन-सा/से कथन, प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है/हैं ?

शौर्य को पाँच विषयों P, Q, R, S और T के अंतिम अंक (सभी विषयों में अलग-अलग अंक) प्राप्त हुए। किस विषय में उसने अधिकतम अंक प्राप्त किए ?

**कथन I :** शौर्य ने विषय 'R' में P, S और T से अधिक, किन्तु विषय 'Q' से अनअधिक अंक प्राप्त किए।

**कथन II :** शौर्य ने विषय 'T' में P, Q और R से कम अंक प्राप्त किए किन्तु विषय 'S' से कम नहीं।

(1) दोनों कथन I और II इकट्ठे मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

(2) कथन I अकेला ही, प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है जबकि कथन II अकेले, प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त नहीं है।

(3) कथन II अकेला ही, प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त है जबकि कथन I अकेले, प्रश्न का उत्तर देने हेतु पर्याप्त नहीं है।

(4) दोनों कथन I और II इकट्ठे मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक हैं।

6. आठ मित्रगण D, F, G, H, K, S, R और V केन्द्र की दिशा में मुख करके किसी वृत्ताकार (गोलाकार) मेज के चारों तरफ बैठे हैं। 'K', 'H' के तत्काल दायें है। 'D', 'K' का निकटतम पड़ोसी है। 'V', 'D' के तत्काल दायें है। केवल 'S', 'F' और 'R' के बीच में है। 'G', 'V' का निकटतम पड़ोसी नहीं है। 'R', 'G' का निकटतम पड़ोसी है।

'K' और 'V' के बीच बैठा हुआ एक मात्र व्यक्ति कौन है ?

(1) R

(2) H

(3) D

(4) F

7. Three statements are given followed by three conclusions numbered I, II and III. Assuming the given statements to be true, even if they seem to be at variance with commonly known facts, decide which of the conclusions logically follow(s) from the statements.

**Statements :**

1. All shirts are boots.
2. Some boots are scarfs.
3. No scarf is tie.

**Conclusions :**

I. Some ties are scarfs.

II. No shirt is a tie.

III. Some boots are shirts.

(1) Only conclusion III follows.

(2) Only conclusions I and II follow.

(3) Only conclusions II and III follow.

(4) Only conclusion I follows.

8. 'K + L' means 'K is son of L',

'K − L' means 'K is daughter of L',

'K × L' means 'K is mother of L',

'K ÷ L' means 'K is brother of L'.

If, H + F × E − T ÷ S, how is 'H related to T' ?

(1) Daughter

(2) Father

(3) Uncle

(4) Son

7. तीन कथन दिए गए हैं उनके बाद निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। मान लीजिए कि दिए गए कथन सही हैं भले ही वे सामान्य ज्ञात तथ्यों के विरुद्ध ही क्यों न हो। आपको निर्णय करना है कि तार्किक रूप से दिए गए कथनों से कौन सा/से निष्कर्ष निकलता है/निकलते हैं?

**कथन :**

1. सभी कमीज बूट हैं।
2. कुछ बूट स्कार्फ हैं।
3. कोई भी स्कार्फ टाई नहीं है।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ टाई स्कार्फ हैं।

II. कोई कमीज टाई नहीं है।

III. कुछ बूट कमीज हैं।

(1) केवल निष्कर्ष III निकलता है।

(2) केवल निष्कर्ष I और II निकलते हैं।

(3) केवल निष्कर्ष II और III निकलते हैं।

(4) केवल निष्कर्ष I निकलता है।

8. 'K + L' का अभिप्राय है कि 'K', 'L' का पुत्र है।

'K − L' का अभिप्राय है कि 'K', 'L' की पुत्री है।

'K × L' का अभिप्राय है कि 'K', 'L' की माँ है।

'K ÷ L' का अभिप्राय है कि 'K', 'L' का भाई है।

यदि H + F × E − T ÷ S है तो 'H का T' से क्या संबंध है?

(1) पुत्री

(2) पिता

(3) चाचा

(4) पुत्र

9. Two statements are given below and these are labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**.

**Assertion (A) :** Kaveri river flows west wards.

**Reason (R) :** River Kaveri falls into the Bay of Bengal.

Select **correct** answer with the help of code.

(1) (A) is false but (R) is true.

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(4) (A) is true but (R) is false.

10. There are six movies, K, L, M, N, O and P, and these are to be played on six different days from Monday to Saturday in a six days long art festival but not necessarily in the same order. Each day is assigned for one of the genre : Drama, Comedy, Musical, Suspense, Thriller and Horror. There is only one movie from each genre and only one movie can be played per day, as follows :

- 'M' is Musical and plays on Wednesday.
- 'N' plays on Thursday.
- 'O' plays on Tuesday.
- 'P' is a drama and plays neither on Thursday nor on Friday.
- 'L' is a Thriller playing on last day of the week.
- 'K' is a comedy.
- Suspense film is played between Musical and Drama.

Which of the statements is NOT true ?

(1) 'K' is played on Friday

(2) 'P' is played on Monday

(3) 'N' is not a suspense film

(4) 'O' is a Horror film

9. नीचे दो कथन **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** के रूप में दिए गए हैं।

**अभिकथन (A) :** कावेरी नदी,पश्चिम दिशा की ओर बहती है।

**कारण (R) :** कावेरी नदी बंगाल की खाड़ी में जाकर गिरती है।

कूट की सहायता से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) (A) गलत है किन्तु (R) सही है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(4) (A) सही है किन्तु (R) गलत है।

10. छह चलचित्रों K, L, M, N, O और P का प्रदर्शन छह दिवसीय कला महोत्सव में सोमवार से लेकर शनिवार तक किया जाना है किन्तु आवश्यक नहीं कि चलचित्र उसी क्रम में दिखाये जाएँ। एक विधा (शैली) : नाटक, कामेड़ी, संगीत, सस्पेन्स, थ्रिलर और हौरर चलचित्र में से प्रत्येक के लिए एक दिन नियत है। एक विधा का एक ही चलचित्र है और एक दिन में एक ही चलचित्र निम्न प्रकार दिखाया जाएगा :

- 'M' संगीतात्मक है और बुधवार को दिखाई जाती है।
- 'N' बृहस्पतिवार को दिखाई जाती है।
- 'O' मंगलवार को दिखाई जाती है।
- 'P' नाटक है और न तो बृहस्पतिवार को दिखाई जाती है, ना ही शुक्रवार को।
- 'L' थ्रिलर है और सप्ताह के अंतिम दिन दिखाई जाती है।
- 'K' कामेड़ी है।
- सस्पेंस चलचित्र, संगीतात्मक चलचित्र और नाटक के बीच में दिखाई जाती है।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य **नहीं** है?

(1) 'K' शुक्रवार को दिखाई जाती है।

(2) 'P' सोमवार को दिखाई जाती है।

(3) 'N' एक सस्पेंस चलचित्र नहीं है।

(4) 'O' एक हौरर चलचित्र है।

# PART - II / भाग - II

## GENERAL AWARENESS / सामान्य जागरूकता

**11.** According to All India Electricity Statistics General Review 2022, which among the following state's per capita ultimate consumption of electricity is highest under domestic category ?

(1) Maharashtra
(2) Kerala
(3) Goa
(4) Punjab

**11.** अखिल भारतीय विद्युत सांख्यिकीय आँकड़ा-सामान्य समीक्षा, 2022 के अनुसार, निम्नांकित में से किस राज्य में घरेलू श्रेणी में प्रति व्यक्ति विद्युत की चरम खपत सबसे अधिक है ?

(1) महाराष्ट्र
(2) केरल
(3) गोवा
(4) पंजाब

**12.** The power to issue writs in India has been granted to which of the following by the Constitution ?

(a) The President
(b) The Supreme Court
(c) The High Court

Choose the **correct** answer from the codes below :

(1) Only (a) and (c)
(2) Only (a)
(3) Only (b)
(4) Only (b) and (c)

**12.** भारतीय संविधान में रिट जारी करने की शक्ति निम्नांकित में से किसे/किन्हें दी गई है ?

(a) राष्ट्रपति
(b) उच्चतम न्यायालय
(c) उच्च न्यायालय

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) केवल (a) और (c)
(2) केवल (a)
(3) केवल (b)
(4) केवल (b) और (c)

**13.** The Constitution of India abolishes the conferring of titles by the state except for ________.

(a) Military distinction
(b) Academic distinction
(c) Philanthropic distinction
(d) Sports distinction

Choose the **correct** answer from the codes below :

(1) Only (a), (c) and (d)
(2) Only (a)
(3) Only (a) and (b)
(4) Only (a) and (d)

**13.** भारतीय संविधान में ________ के अलावा अन्य उपाधियों का उत्सादन कर दिया गया है।

(a) सैन्य उपाधि
(b) शैक्षणिक उपाधि
(c) लोकहितैषी (लोकोपकारी) उपाधि
(d) खेल संबंधी उपाधि

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) केवल (a), (c) और (d)
(2) केवल (a)
(3) केवल (a) और (b)
(4) केवल (a) और (d)

14. In India, which of the following areas receives inadequate rainfall ?

(1) Western Ghats

(2) Ladakh and most of Western Rajasthan

(3) Eastern part of Tamil Nadu

(4) Southern part of Gujarat

14. निम्नलिखित में से, भारत के किस क्षेत्र में अपर्याप्त वर्षा होती है ?

(1) पश्चिमी घाट (वेस्टर्न घाट)

(2) लद्दाख और पश्चिमी राजस्थान का अधिकांश क्षेत्र

(3) तमिलनाडु का पूर्वी क्षेत्र

(4) गुजरात का दक्षिणी क्षेत्र

15. Which of the following statements is correct about the New India Literacy Programme ?

(1) It is targeted at all non-literates of age 15 years and above.

(2) It focuses on Early Childhood Care and Education.

(3) It intends to ensure equity and inclusion at all levels of school education.

(4) It encourages poor children from disadvantaged sections to attend school more regularly and helps them concentrate on classroom activities.

15. नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में कौन सा कथन सही है ?

(1) यह 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी निरक्षरों के प्रति लक्षित है।

(2) इसमें आरंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा पर बल दिया गया है।

(3) इसका आशय सभी स्तर की स्कूली शिक्षा में समता और समावेशी उपागम सुनिश्चित करना है।

(4) इसमें वंचित वर्ग के गरीब बालक-बालिकाओं को और अधिक नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रोत्साहन दिया गया है और इससे उन्हें कक्षा के कार्यकलाप पर ध्यान केन्द्रित करने में सहायता मिलती है।

16. Which of the following material has highest electrical resistivity ?

(1) Diamond

(2) Copper

(3) Manganese

(4) Nichrome

16. निम्नांकित में से किस पदार्थ की विद्युतीय प्रतिरोधकता सर्वाधिक होती है ?

(1) हीरा

(2) ताम्र

(3) मैंगनीज

(4) निक्रोम

17. Samarth E-Gov suite is a purpose built platform for ________

(1) Universities and Higher Education Institutions

(2) Primary Schools

(3) Secondary Schools

(4) Primary and Secondary Schools

17. समर्थ ई-गॉव (E-Gov) सूट निम्नांकित में से किसके प्रयोजनार्थ निर्मित प्लेटफॉर्म है ?

(1) विश्वविद्यालय और उच्चतर शिक्षा संस्थान

(2) प्राथमिक विद्यालय

(3) माध्यमिक विद्यालय

(4) प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय

18. Which business person and philanthropist authored a book titled "How to Prevent the Next Pandemic" in 2022 ?

(1) Mike Bloomberg

(2) Narayan Murthy

(3) Azim Premji

(4) Bill Gates

19. Which part of the brain is responsible for precision of voluntary actions and maintaining the posture and balance of the body ?

(1) Cerebellum

(2) Fore-brain

(3) Mid-brain

(4) Cerebrum

20. Hitler's Nazi ideology borrowed from which of the following scientific theories/concepts to propagate views on racial purity ?

(1) Doppler effect

(2) Theory of Special Relativity

(3) Survival of the fittest

(4) The Law of gravity

18. किस व्यवसायकर्मी और लोकहितैषी ने 2022 में "हाउ टू प्रिवेंट द नेक्स्ट पैंडेमिक" शीर्षक से पुस्तक लिखी ?

(1) माइक ब्लूमबर्ग

(2) नारायण मूर्ति

(3) अजीम प्रेमजी

(4) बिल गेट्स

19. स्वैच्छिक कार्य की सटीकता और भाव भंगिमा एवं शारीरिक संतुलन बनाए रखने के लिए मस्तिष्क का कौन सा भाग उत्तरदायी है ?

(1) अनुमस्तिष्क

(2) पूर्व-मस्तिष्क

(3) मध्य-मस्तिष्क

(4) प्रमस्तिष्क

20. हिटलर की नाजी विचारधारा ने नस्ली शुद्धता के बारे में अपने विचार को प्रचारित करने के लिए निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक सिद्धांत/अवधारणा से सीख ली थी ?

(1) डॉप्लर प्रभाव

(2) विशेष सापेक्षता का सिद्धांत

(3) सर्वोत्तम की उत्तरजीविता

(4) गुरुत्व का नियम

21. As per the All-India Survey on Higher Education (2020-21) report, which of the following statements is correct about Gender Parity Index in Higher Education (18-23 years) ?

(1) Female Participation in Higher Education for Scheduled Tribes (STs) is 100 per 102 males.

(2) Male participation in Higher Education for all categories is 105 per 100 females.

(3) Female participation in Higher Education for all categories is 105 per 100 males.

(4) Male participation in Higher Education for Scheduled Castes (SCs) is 107 per 100 females.

21. अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (2020-21) के अनुसार उच्चतर शिक्षा (18-23 में जेंडर समता सूचकांक के बारे में निम्नांकित में सा कथन सही है ?

(1) अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) की श्रेणी उच्चतर शिक्षा में महिला की भागीदा 102 पुरुष पर 100 है।

(2) सभी श्रेणियों के लिए उच्चतर शिक्षा में भागीदारी प्रति 100 महिलाओं पर 105

(3) सभी श्रेणियों के लिए उच्चतर शिक्षा में म की भागीदारी प्रति 100 पुरुष पर 105 है

(4) अनुसूचित जातियों (अ.जा.) की श्रेणी उच्चतर शिक्षा में पुरुष की भागीदा 100 महिलाओं पर 107 है।

22. According to the Economic Survey of India 2022-23, the recent economic history of India between 2014 and 2022 is analogous to which other economic phase in terms of the launch of transformative reforms but yielded lagged growth dividends ?

(1) 2004 to 2009

(2) 1991 to 1994

(3) 1998 to 2002

(4) 1987 to 1991

22. भारतीय आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, और 2022 के बीच भारत का हालिया आर्थिक निम्नांकित में से किस कालखंड के सदृश है परिवर्तनकारी आर्थिक सुधार लाए गए थे प फलस्वरूप विकास का लाभांश पीछे रहा ?

(1) वर्ष 2004 से 2009

(2) वर्ष 1991 से 1994

(3) वर्ष 1998 से 2002

(4) वर्ष 1987 से 1991

23. Which of the following statement/s is/are correct about recruitment of women in armed forces, after the commencement of the Agnipath Scheme ?

(a) Recruitment of women in the Indian Army

(b) Recruitment of women in the Indian Navy only below the rank of officer

(c) Recruitment of women in the Indian Navy as both officer and sailor

Choose the **correct** answer from the codes below :

(1) Only (a) and (c) are correct.

(2) Only (a) is correct.

(3) Only (a) and (b) are correct.

(4) Only (b) and (c) are correct.

23. अग्निपथ योजना आरंभ होने के पश्चात् सशस्त्र बलों में महिलाओं की भर्ती से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) महिलाओं की भारतीय थल सेना में भर्ती

(b) महिलाओं की केवल अधिकारी के रैंक से नीचे के पदों पर भारतीय नौ सेना में भर्ती

(c) महिलाओं की भारतीय नौ सेना में अधिकारी और नाविक (सेलर) दोनों पदों पर भर्ती

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) केवल (a) और (c) सही हैं।

(2) केवल (a) सही है।

(3) केवल (a) और (b) सही हैं।

(4) केवल (b) और (c) सही हैं।

24. Who among the following was/were a supporter(s) of an orientalist vision of learning in Colonial India based on knowledge of ancient Indian texts and languages ?

(a) William Jones

(b) James Mill

(c) Thomas Macaulay

Choose the **correct** answer from the codes below :

(1) Only (b) and (c)

(2) Only (a)

(3) Only (c)

(4) Only (a) and (b)

24. प्राचीन भारतीय ग्रंथों और भाषाओं के ज्ञान पर आधारित, औपनिवेशिक भारत में प्राच्यवादी दर्शन का/के समर्थक/पक्षधर निम्नलिखित में से कौन था/थे ?

(a) विलियम जोन्स

(b) जेम्स मिल

(c) थॉमस मेकॉले

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) केवल (b) और (c)

(2) केवल (a)

(3) केवल (c)

(4) केवल (a) और (b)

25. Which of the following two states have the highest installed capacity of renewable power through wind energy as on April, 2023 ?

(1) Karnataka and Tamil Nadu

(2) Gujarat and Rajasthan

(3) Maharastra and Gujarat

(4) Tamil Nadu and Gujarat

25. अप्रैल, 2023 की स्थिति के अनुसार निम्नांकित में से किन दो राज्यों में पवन ऊर्जा के माध्यम से नवीकरणीय विद्युत की सर्वाधिक संस्थापित क्षमता है?

(1) कर्नाटक और तमिलनाडु

(2) गुजरात और राजस्थान

(3) महाराष्ट्र और गुजरात

(4) तमिलनाडु और गुजरात

26. Consider the following statements regarding the UNDP's Global Multidimensional poverty Index (MPI) and identify the incorrect answer :

(1) The MPI complements the international US $ 1.90-a-day poverty line.

(2) The MPI measures multidimensional poverty across over 100 developing countries.

(3) The MPI defines poverty in monetary terms only.

(4) A higher value on the MPI range implies higher multidimensional poverty.

26. सं.राष्ट्र विकास परियोजना के वैश्विक बहुआयामी निर्धनता सूचकांक (एम.पी.आई.) के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए और गलत उत्तर को चिह्नांकित कीजिए :

(1) एम.पी.आई., अन्तर्राष्ट्रीय अमेरिकी डालर 1.90-प्रति-दिन गरीबी रेखा का अनुपूरण करती है।

(2) एम.पी.आई. में 100 से ऊपर विकासशील देशों की बहुआयामी निर्धनता का मापन किया जाता है।

(3) एम.पी.आई. में केवल मौद्रिक आधार पर ही निर्धनता की परिभाषा दी गई है।

(4) एम.पी.आई. के उच्च परास का तात्पर्य उच्चतर बहुआयामी निर्धनता से है।

27. Which of the following is the **correct** dimensional equation of volume [V] ?

(1) $[M L^{-3} T^0]$

(2) $[M^0 L^3 T^0]$

(3) $[M^0 L T^{-1}]$

(4) $[M L T^{-2}]$

27. निम्नांकित में से क्या आयतन [V] का **सही** विमीय समीकरण है?

(1) $[M L^{-3} T^0]$

(2) $[M^0 L^3 T^0]$

(3) $[M^0 L T^{-1}]$

(4) $[M L T^{-2}]$

Which of the following options is correct about the structure of school education specified by the National Education Policy, 2020 ?

(1) 5 + 3 + 4

(2) 10 + 2

(3) 2 + 3 + 3 + 4

(4) 5 + 3 + 3 + 4

9. Who won the gold medal in the Women's Individual compound event at the Archery World Cup Stage 1, 2023 ?

(1) Chem Chieh Lun

(2) Sara Lopez

(3) Jyoti Surekha Vennam

(4) Ella Gibson

. **Assertion (A) :**

The British introduced the system of 'separate electorates' for elections which continued to be in practice during the First General Election in post-independence India.

**Reason (R) :**

The system of 'separate electorates' means that to elect a representative from a particular community, only those voters will be eligible who belong to that particular community.

Choose the **correct** answer from the codes below :

(1) Neither **(A)** nor **(R)** is correct.

(2) **(A)** is correct but **(R)** is wrong.

(3) **(A)** is wrong but **(R)** is correct.

(4) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** explains **(A)**.

28. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 द्वारा विनिर्दिष्ट स्कूली शिक्षा की संरचना के बारे में निम्नांकित में से कौन सा विकल्प सही है ?

(1) 5 + 3 + 4

(2) 10 + 2

(3) 2 + 3 + 3 + 4

(4) 5 + 3 + 3 + 4

29. 2023 में आयोजित धनुर्विद्या (तीरंदाजी) विश्व कप चरण-1, में महिला एकल यौगिक प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त करनेवाली महिला निम्नांकित में से कौन है ?

(1) चेम चिएह लुन

(2) सारा लोपेज

(3) ज्योति सुरेखा वेन्नम

(4) एला गिब्सन

30. **अभिकथन (A) :**

ब्रिटिश ने निर्वाचन के लिए 'पृथक निर्वाचक मंडल' की प्रणाली का पुर:स्थापन किया और यह स्वतंत्रता के बाद प्रथम आम चुनाव के दौरान जारी रहा।

**कारण (R) :**

'पृथक निर्वाचक मंडल' का अभिप्राय है कि किसी समुदाय विशेष से प्रतिनिधि को निर्वाचित करने हेतु उसी समुदाय विशेष के लोग मतदान करने के योग्य होंगे।

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) न तो **(A)** ना ही **(R)** सही है।

(2) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(3) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)** से **(A)** की व्याख्या होती है।

# PART - III
## GENERAL ENGLISH

31. Choose the option in which the given sentence has been changed into passive voice.

It is time to ring the bell.

(1) The bell is rung by this time.

(2) It is time for the bell to be rung.

(3) It was time to have rung the bell.

(4) The bell should be rung by this time.

32. Fill in the blank in the following sentence with the help of given options.

If you helped me, I _______ the examination.

(1) would have passed

(2) passed

(3) will pass

(4) would pass

**(33 - 34) Fill in the blanks in the following sentences with the help of given options.**

33. What kind of _______ animal is that ?

(1) no article

(2) a

(3) an

(4) the

34. The house with all its contents _______ insured last year.

(1) are

(2) were

(3) have been

(4) was

35. Choose the option in which the following words/phrases have been correctly rearranged to form a sentence.

(A) in a basket

(B) is like an apple

(C) of silver

(D) of gold

(E) a word discreetly spoken

(1) (A), (C), (B), (D), (E)

(2) (D), (C), (B), (A), (E)

(3) (E), (D), (C), (A), (B)

(4) (E), (B), (D), (A), (C)

36. Identify the part of the following sentence which has an error.

The rise and fall / of the tides / depend / on the moon.

(A) (B) (C) (D)

(1) (A)

(2) (D)

(3) (C)

(4) (B)

**(37 - 38) Fill in the blanks in the following sentences with the help of given options.**

37. Don't ________ on Paul. He did his best.

(1) beat away

(2) beat down

(3) beat up

(4) beat off

38. The bride was ________ by her father.

(1) given off

(2) given in

(3) given up

(4) given away

39. She had brazenly admitted him back into the house.

The underlined word in the above sentence can be correctly replaced by :

(1) modestly

(2) humbly

(3) boldly

(4) cooly

40. His knowledge of the subject is just pedestrian.

The underlined word in the above sentence is nearly opposite in meaning to :

(1) imaginative

(2) colourless

(3) dull

(4) old

210000616

## PART - III
## GENERAL HINDI

**41.** निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य छाँटिए :
(1) आप अपना काम करो
(2) मेरे को दस रुपये दे दीजिए।
(3) गन्ने बहुत मीठे हैं।
(4) चारों पुत्र को बुला लीजिए।

**42.** ''चंद्रमुखी'' शब्द में समास है :
(1) द्विगु समास
(2) कर्मधारय समास
(3) बहुव्रीहि समास
(4) द्वन्द्व समास

**43.** 'आठ-आठ आँसू गिराना' मुहावरे का अर्थ है :
(1) अपमानित होना
(2) पश्चाताप करना
(3) बहुत रोना
(4) दु:खी होना

**44.** 'कवींद्र' का संधि-विच्छेद होगा :
(1) कव+ईंद्र
(2) कवि+इंद्र
(3) कवी+इंद्र
(4) कवि+ईंद्र

**45.** निम्नलिखित में 'अश्व' का पर्यायवाची नहीं है :
(1) कटक
(2) तुरंग
(3) हय
(4) वाजि

**46.** निम्नलिखित विलोमार्थी शब्दों का असंगत युग्म है :
(1) कुटिल-सरल
(2) अस्त-उदय
(3) अमृत-विष
(4) आविर्भाव-प्रादुर्भाव

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों (47 - 50) के सटीक उत्तर दीजिए :**

जिंदगी के असली मज़े उनके लिए नहीं जो फूलों की छाँह के नीचे खेलते और सोते हैं। बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है, तो वह भी उन्हीं के लिए है जो रेगिस्तान से आ रहे हैं, जिनका कंठ सूखा हुआ, होंठ फटे हुए, माथा पसीने से तर है। पानी में जो अमृत वाला तत्त्व है, उसे वह जानता है जो धूप में खूब सूख चुका है, वह नहीं जो रेगिस्तान में कभी गया ही नहीं है। सुख देने वाली चीज़ें पहले भी थीं और अब भी हैं। फर्क यह है कि जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं और उनके मज़े बाद में लेते हैं, उन्हें स्वाद अधिक मिलता है।

**47.** 'जिंदगी के मज़े उनके लिए है' :
(1) जो धन-धान्य से पूर्ण हैं।
(2) जो फूलों की छाँह के नीचे खेलते हैं।
(3) जो फूलों की छाँह के नीचे सोते हैं।
(4) जो भूखे-प्यासे रेगिस्तान से आ रहे हैं।

**48.** पानी में अमृत वाले तत्त्व को वह जानता है :
(1) जो धूप में खूब सूख चुका है।
(2) जो नदी-किनारे बैठा है।
(3) जो रेगिस्तान में कभी गया ही नहीं।
(4) जो फूलों के बिछौने पर सोता है।

**49.** सुख का स्वाद किसे अधिक मिलता है?
(1) जिन्हें सुखों का मूल्य नहीं चुकाना पड़ता।
(2) जो अमीर होते हैं।
(3) जिनका पेट भरा होता है।
(4) जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं।

**50.** 'समुद्र' का पर्यायवाची है :
(1) हलधर
(2) जलधर
(3) पयोधर
(4) रत्नाकर